**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 931**

**(13 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित आवास**

**931. कुमारी चन्द्राणी मुर्मु:**

**श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:**

**श्री बसंत कुमार पंडा:**

**श्री रमेश बिधुडी:**

**श्री नलीन कुमार कटील:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश , विशेषकर ओडिशा और कर्नाटक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत निर्मित आवासों की राज्य-वार और जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का विशेषरूप से ओडिशा के क्योंझर जिले सहित राज्य-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेषकर ओडिशा में पीएमएवाई-जी के तहत कितने लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए हैं;

(घ) सरकार द्वारा आवासों के निर्माण के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्या लक्ष्य प्राप्त किया गया है; और

(ड.) क्या योजना के कार्यान्वयन के दौरान सरकार को किसी प्रकार की कमियों का सामना करना पड़ा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

(क): वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान देश में प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बनाई गई/ निर्मित आवासों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या और ओडिशा

तथा कर्नाटक में निर्मित जिले-वार मकानों की संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। पीएमएवाई-जी के अंतर्गत निर्मित मकानों का जिले-वार ब्यौरा इस कार्यक्रम की वेबसाइट www.pmayg.nic.in--->AwaasSoft--->Reports---> एक वित्तीय वर्ष में निर्मित मकान चाहे उसको पूरा करने का लक्ष्य वर्ष कोई भी हो, पर देखा जा सकता है

(ख): पीएमएवाई-जी के अंतर्गत केंद्रीय सहायता राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को एक इकाई मानते हुए सीधे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी की जाती है। इसके अलावा, संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा ये निधियां विभिन्न जिलों में लाभार्थियों को जारी की जाती हैं। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जारी किया गया केंद्रीय अंश और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है। ओडिशा के क्योंझर जिले में वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 (09.12.2022 तक) के दौरान केंद्रीय और राज्य अंश दोनों से उपयोग की गई निधियां क्रमशः 344.73 करोड़ रुपए, 226.47 करोड़ रुपए, 61.19 करोड़ रुपए और 11.48 करोड़ रुपए हैं। पीएमएवाई-जी के अंतर्गत जारी की गई निधि का जिले-वार ब्यौरा इस कार्यक्रम की वेबसाइट www.pmayg.nic.in---->AwaasSoft---->Reports----> उच्च स्तरीय वित्तीय प्रगति रिपोर्ट, पर देखा जा सकता है।

(ग) और (घ): पीएमएवाई-जी योजना की शुरूआत अर्थात 01 अप्रैल, 2016 से 09.12.2022 तक आवंटित लक्ष्यों, लाभार्थियों को स्वीकृत मकानों और निर्मित मकानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या के साथ-साथ ओडिशा का जिला-वार आंकड़ा **अनुबंध-III** में दिया गया है। पीएमएवाई-जी के अंतर्गत स्वीकृत मकानों का जिले-वार ब्यौरा इस कार्यक्रम की वेबसाइट www.pmayg.nic.in---->AwaasSoft---->Reports----> लक्षित वित्तीय वर्ष की तुलना में मकानों की प्रगति, पर देखा जा सकता है।

(ङ.): पीएमएवाई-जी में आज तक सामने आई प्रमुख कमियां कोविड- 19 के कारण लगे प्रतिबंधों की वजह से मकानों के निर्माण में देरी, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की ओर से राज्य के राजकोष से पीएमएवाई-जी के राज्य नोडल खाते में केंद्रीय और राज्य अंश जारी करने में विलंब, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि आवंटित करने में देरी, लाभार्थियों के अनिच्छुक होने, स्थायी रूप से प्रवास किए जाने, विवादित उत्तराधिकार के मामले, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता न होने और कई बार आम/विधान सभा/पंचायत चुनाव हैं।

****

**अनुबंध-I**

**पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आवंटित मकानों के संबंध में लोक सभा में दिनांक 13.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 931 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान दिनांक 9.12.2022 तक देश में, विशेष रूप से ओडिशा तथा कर्नाटक में प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत निर्मित आवासों की राज्य-वार संख्या**

**(इकाई संख्या में)**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | निर्मित आवास |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 4,156 |
| 2 | असम | 3,32,582 |
| 3 | बिहार | 18,27,194 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1,17,561 |
| 5 | गोवा | 109 |
| 6 | गुजरात | 1,63,613 |
| 7 | हरियाणा | 8,148 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 2,936 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 69,924 |
| 10 | झारखंड | 6,87,028 |
| 11 | केरल | 3,905 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 11,38,191 |
| 13 | महाराष्ट्र | 4,53,053 |
| 14 | मणिपुर | 7,156 |
| 15 | मेघालय | 17,020 |
| 16 | मिजोरम | 3,278 |
| 17 | नागालैंड | 4,222 |
| **18** | **ओडिशा** | **8,53,436** |
| 19 | पंजाब | 9,791 |
| 20 | राजस्थान | 6,23,591 |
| 21 | सिक्किम | 52 |
| 22 | तमिलनाडु | 1,59,176 |
| 23 | त्रिपुरा | 23,256 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 13,06,530 |
| 25 | उत्तराखंड | 4,055 |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | पश्चिम बंगाल | 19,24,146 |
| 27 | अण्डमान और निकोबार | 1,104 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 1,834 |
| 29 | लक्षद्वीप | 44 |
| 30 | पुदुचेरी | - |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 5 |
| **32** | **कर्नाटक** | **20,729** |
| 33 | तेलंगाना | - |
| | **कुल** | **97,67,825** |

**दिनांक 9.12.2022 तक ओडिशा तथा कर्नाटक राज्य में प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत निर्मित आवासों की जिले-वार संख्या**

**(इकाई संख्या में)**

| क्र.सं | कर्नाटक के जिले | निर्मित मकान | ओडिशा के जिले | निर्मित मकान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 3,130 | अंगुल | 17,841 |
| 2 | बेल्लारी | 220 | बालेश्वर | 56,206 |
| 3 | बेलगावी | 553 | बरगढ़ | 45,632 |
| 4 | बेंगलुरु | 207 | भद्रक | 44,254 |
| 5 | बेंगलुरु ग्रामीण | 156 | बोलांगीर | 71,984 |
| 6 | बीडर | 2,848 | बौध | 26,426 |
| 7 | चामराज नगर | 1,038 | कटक | 15,496 |
| 8 | चिक्कबल्लपुरा | 133 | देवगढ़ | 5,038 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 694 | ढेंकनाल | 28,496 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 53 | गजपति | 4,883 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 1,187 | गंजम | 11,063 |
| 12 | दावनगेरे | 1,024 | जगतसिंहपुर | 6,885 |
| 13 | धारवाड़ | 1,387 | जाजपुर | 27,188 |
| 14 | गडग | 230 | झारसुगुडा | 11,300 |
| 15 | हासन | 2 | कालाहांडी | 54,712 |
| 16 | हावेरी | 7 | कंधमाल | 8,495 |
| 17 | कलबुर्गी | 195 | केंद्रपाड़ा | 25,001 |
| 18 | कोडागू | 1,167 | केंदुझार | 48,278 |
| 19 | कोलार | 267 | खोरधा | 5,474 |
| 20 | कोप्पल | 6 | कोरापुट | 25,087 |
| 21 | मंड्या | 42 | मल्कानगिरी | 5,294 |
| 22 | मैसूर | 497 | मयूरभंज | 1,07,803 |
| 23 | रायचूर | 455 | नबरंगपुर | 47,324 |
| 24 | रामनगर | 302 | नयागढ़ | 14,396 |
| 25 | शिवमोगा | 9 | नुआपाड़ा | 29,338 |
| 26 | तुमकुरु | 0 | पुरी | 17,774 |
| 27 | उडुपी | 1,566 | रायगढ़ | 17,065 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 930 | संबलपुर | 7,358 |
| 29 | विजयनगर | 0 | सोनपुर | 28,646 |
| 30 | विजयपुरा | 1,013 | सुंदरगढ़ | 38,699 |
| 31 | यादगीर | 1,411 | | |
| | **कुल** | **20,729** | **कुल** | **8,53,436** |

**अनुबंध-II**

## पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आवंटित मकानों के संबंध में लोक सभा में दिनांक13.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 931 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

## पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान(07.12.2022 तक) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अंश सहित जारी किया गया केंद्रीय अंश और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

**(रुपए करोड़ में)**

| क्र.सं | राज्य | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई केंद्रीय निधि | उपयोग | जारी की गई केंद्रीय निधि | उपयोग | जारी की गई केंद्रीय निधि | उपयोग | जारी की गई केंद्रीय निधि | उपयोग |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.40 | 0.00 | 5.97 | 104.85 | 16.70 | 0.00 | 110.19 |
| 2 | असम | 1,433.97 | 2,046.75 | 1,503.43 | 1,269.44 | 5,771.11 | 2,195.33 | 2,463.00 | 6,258.33 |
| 3 | बिहार | 4,902.97 | 8,265.94 | 6,683.93 | 10,004.40 | 3,082.22 | 5,954.40 | 5,620.91 | 10,096.40 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 562.55 | 989.82 | 307.12 | 983.99 | 0.00 | 31.32 | 0.00 | 302.85 |
| 5 | गोवा | 0.00 | 0.80 | 0.00 | 0.53 | 0.00 | 0.37 | 0.00 | 0.11 |
| 6 | गुजरात | 385.56 | 798.10 | 192.78 | 495.64 | 687.29 | 893.09 | 0.00 | 518.63 |
| 7 | हरियाणा | 34.55 | 63.35 | 0.00 | 13.27 | 0.00 | 17.26 | 14.74 | 36.41 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | 11.10 | 10.62 | 23.40 | 32.97 | 44.03 | 25.32 | 23.89 |
| 9 | जम्मू कश्मीर | 67.69 | 221.42 | 795.86 | 599.35 | 123.43 | 419.37 | 522.89 | 420.36 |
| 10 | झारखंड | 2,442.76 | 3,396.56 | 3,348.51 | 3,750.22 | 1,207.91 | 4,237.82 | 645.74 | 1,470.77 |
| 11 | केरल | 0.00 | 11.80 | 0.00 | 25.05 | 0.00 | 66.87 | 35.15 | 74.02 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 2,291.98 | 4,176.03 | 4,565.80 | 4,068.96 | 4,509.58 | 8,046.72 | 4,799.16 | 9,443.51 |
| 13 | महाराष्ट्र | 1,815.33 | 1,924.76 | 1,310.10 | 2,433.50 | 1,249.80 | 2,003.81 | 838.04 | 1,662.47 |
| 14 | मणिपुर | 10.30 | 12.83 | 84.89 | 93.49 | 21.01 | 26.86 | 80.51 | 82.20 |
| 15 | मेघालय | 22.60 | 57.97 | 191.08 | 185.54 | 90.13 | 72.51 | 0.00 | 67.28 |
| 16 | मिजोरम | 0.00 | 31.80 | 16.16 | 13.82 | 41.92 | 5.83 | 0.00 | 46.74 |
| 17 | नागालैंड | 0.00 | 15.25 | 17.40 | 2.12 | 17.41 | 20.44 | 0.95 | 16.68 |
| 18 | ओडिशा | 2,197.33 | 5,460.06 | 2,821.87 | 4,556.46 | 1,011.87 | 1,122.72 | 0.00 | 235.76 |
| 19 | पंजाब | 0.00 | 36.01 | 49.22 | 59.10 | 18.31 | 60.73 | 70.56 | 54.14 |
| 20 | राजस्थान | 2,933.34 | 2,923.49 | 1,108.59 | 3,679.45 | 1,405.46 | 2,332.48 | 1,078.76 | 2,138.76 |
| 21 | सिक्किम | 0.65 | 0.37 | 0.00 | 0.28 | 0.57 | 0.06 | 0.00 | 1.30 |
| 22 | तमिलनाडु | 487.52 | 996.93 | 78.62 | 672.61 | 928.93 | 668.85 | 667.46 | 1,632.55 |
| 23 | त्रिपुरा | 229.52 | 210.50 | 113.62 | 98.30 | 1,368.48 | 1,110.96 | 633.22 | 1,064.11 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | उत्तर प्रदेश | 1,145.64 | 2,207.35 | 4,830.90 | 5,990.29 | 3,727.00 | 7,869.83 | 0.00 | 311.97 |
| 25 | उत्तराखंड | 0.00 | 5.71 | 0.00 | 1.31 | 149.18 | 138.33 | 0.00 | 65.62 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 5,976.00 | 8,854.41 | 8,810.54 | 10,037.60 | 687.84 | 5,425.24 | 0.00 | 1,021.24 |
| 27 | अण्डमान और निकोबार | 0.00 | 1.12 | 16.88 | 8.53 | 0.00 | 1.87 | 0.00 | 0.33 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली | 55.98 | 23.33 | 0.00 | 33.46 | 0.00 | 21.85 | 0.00 | 7.57 |
| 29 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 30 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.35 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 31 | पुदुचेरी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 32 | आंध्र प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 53.21 |
| 33 | कर्नाटक | 309.60 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 34 | तेलंगाना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 35 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.50 | 0.00 |
| | **कुल** | **27,305.84** | **42,744.35** | **36,857.93** | **49,106.09** | **26,237.24** | **42,805.64** | **17,497.91** | **37,217.38** |

**अनुबंध-III**

**पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आवंटित मकानों के संबंध में लोक सभा में दिनांक 13.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 931 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**पीएमएवाई-जी योजना की शुरूआत अर्थात 01 अप्रैल, 2016 से 09.12.2022 तक आवंटित लक्ष्यों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार/प्रशासन द्वारा लाभार्थियों को आवंटित/स्वीकृत मकानों और निर्मित मकानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

**(इकाई संख्या में)**

| क्र.सं | राज्य का नाम | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित लक्ष्य | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वीकृत मकान | निर्मित मकान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 38,384 | 35,987 | 9,818 |
| 2 | असम | 20,84,070 | 14,58,162 | 7,03,332 |
| 3 | बिहार | 38,62,734 | 36,95,921 | 33,47,538 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 11,76,150 | 10,97,097 | 8,28,912 |
| 5 | गोवा | 1,707 | 248 | 140 |
| 6 | गुजरात | 4,49,167 | 4,32,859 | 3,99,237 |
| 7 | हरियाणा | 30,789 | 28,237 | 22,566 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 15,483 | 15,383 | 11,195 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 2,01,633 | 1,95,268 | 1,13,314 |
| 10 | झारखंड | 16,03,268 | 15,82,862 | 14,14,178 |
| 11 | केरल | 42,212 | 34,886 | 24,597 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 37,89,400 | 37,54,658 | 30,87,221 |
| 13 | महाराष्ट्र | 15,05,983 | 12,99,206 | 9,37,228 |
| 14 | मणिपुर | 46,166 | 36,456 | 18,470 |
| 15 | मेघालय | 80,848 | 65,279 | 34,327 |
| 16 | मिजोरम | 20,518 | 18,374 | 6,167 |
| 17 | नागालैंड | 24,775 | 22,351 | 5,235 |
| **18** | ओडिशा | **26,95,837** | **18,36,367** | **17,13,224** |
| 19 | पंजाब | 41,117 | 38,680 | 24,506 |
| 20 | राजस्थान | 17,33,959 | 17,24,383 | 15,42,723 |
| 21 | सिक्किम | 1,409 | 1,371 | 1,087 |
| 22 | तमिलनाडु | 8,17,439 | 7,61,912 | 4,59,702 |
| 23 | त्रिपुरा | 2,82,238 | 2,49,098 | 1,98,662 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | उत्तर प्रदेश | 34,78,718 | 26,70,415 | 25,95,313 |
| 25 | उत्तराखंड | 47,654 | 32,856 | 27,514 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 46,18,847 | 34,68,686 | 33,88,963 |
| 27 | अण्डमान और निकोबार | 1,631 | 1,347 | 1,168 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली | 6,763 | 5,539 | 2,913 |
| 29 | दमन और दीव | 68 | 47 | 13 |
| 30 | लक्षद्वीप | 53 | 53 | 44 |
| 31 | पुदुचेरी* | 0 | 0 | 0 |
| 32 | आंध्र प्रदेश | 2,56,270 | 1,82,632 | 46,726 |
| 33 | कर्नाटक | 3,07,746 | 1,61,873 | 1,01,676 |
| 34 | तेलंगाना* | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लद्दाख | 1,992 | 1,906 | 1,429 |
| | **कुल** | **2,92,65,028** | **2,49,10,399** | **2,10,69,138** |

* पुदुचेरी और तेलंगाना पीएमएवाई-जी को कार्यान्वित नहीं कर रहे हैं।

**पीएमएवाई-जी योजना की शुरूआत अर्थात 01 अप्रैल, 2016 से 09.12.2022 तक ओडिशा में लाभार्थियों को स्वीकृत और निर्मित मकानों की जिले-वार संख्या**

| क्र.सं | जिले का नाम | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा स्वीकृत मकान | निर्मित मकान |
|---|---|---|---|
| 1 | अंगुल | 42,126 | 40,265 |
| 2 | बालेश्वर | 1,14,449 | 1,01,030 |
| 3 | बारगढ़ | 94,973 | 89,500 |
| 4 | भद्रक | 84,089 | 76,008 |
| 5 | बोलांगीर | 1,40,784 | 1,35,376 |
| 6 | बौध | 49,581 | 44,979 |
| 7 | कटक | 46,515 | 44,381 |
| 8 | देवगढ़ | 13,420 | 12,921 |
| 9 | ढेंकनाल | 56,189 | 54,898 |
| 10 | गजपति | 14,990 | 13,912 |
| 11 | गंजम | 43,775 | 42,471 |
| 12 | जगतसिंहपुर | 17,866 | 16,366 |
| 13 | जाजपुर | 60,280 | 57,317 |
| 14 | झारसुगुडा | 23,781 | 23,521 |
| 15 | कालाहांडी | 1,01,436 | 91,275 |
| 16 | कंधमाल | 25,162 | 24,513 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | केंद्रपाड़ा | 55,561 | 47,978 |
| 18 | केंदुझार | 1,00,710 | 94,063 |
| 19 | खोरधा | 19,662 | 18,684 |
| 20 | कोरापुट | 54,808 | 52,439 |
| 21 | मल्कानगिरी | 21,076 | 20,062 |
| 22 | मयूरभंज | 2,12,901 | 1,92,783 |
| 23 | नबरंगापुर | 88,720 | 83,962 |
| 24 | नयागढ़ | 31,266 | 29,668 |
| 25 | नुआपाड़ा | 55,666 | 52,301 |
| 26 | पुरी | 40,488 | 36,500 |
| 27 | रायगढ़ | 38,355 | 35,864 |
| 28 | संबलपुर | 39,348 | 39,127 |
| 29 | सोनपुर | 53,697 | 49,176 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 94,693 | 91,884 |
| | **कुल** | **18,36,367** | **17,13,224** |

******